सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 196 | इंदौर, शुक्रवार 31 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

PM मोदी बोले-

## सत्र में कई ऐतिहासिक बिल पर चर्चा होगी

# राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने कहा कि हमारे गणतंत्र ने 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह देश के प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व की बात है। इस देश के लोगों ने मुझे तीसरी बार ये जिम्मेदारी दी है और ये इस तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है।

संसद के बजट सत्र पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन के बाहर पत्रकारों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवाचार, समावेशन और निवेश लगातार हमारी आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार रहे हैं। इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक बिल पर सदन में चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ वो राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे।

उन्होंने कहा, 'आज बजट सत्र के प्रारंभ में मैं समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी को प्रणाम करता हूं। ऐसे अवसर पर सदियों से हमारे यहां मां लक्ष्मी का पुण्य स्मरण किया जाता है। मां लक्ष्मी हमें सिद्धि और विवेक देती हैं। समृद्धि और कल्याण भी देती हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्गीय समुदाय पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे।'

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे गणतंत्र ने 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह देश के प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व की बात है। इस देश के लोगों ने मुझे तीसरी बार ये जिम्मेदारी दी है और ये इस तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है। मैं विश्वास से कह सकता हूं कि 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे, विकसित भारत का जो संकल्प इस देश ने लिया है उस दिशा में यह बजट सत्र, यह बजट एक नया विश्वास पैदा करेगा, नई ऊर्जा देगा कि देश जब आजादी के 100 साल मनाएगा तब विकसित होकर रहेगा। 140 करोड़ देशवासी अपने सामूहिक प्रयासों से इस संकल्प को पूरा करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'तीसरे कार्यकाल में हम मिशन मोड में देश को सर्वांगीण विकास की दिशा में चाहे वह भौगोलिक रूप से हो, सामाजिक रूप से हो या आर्थिक भिन्न-भिन्न संदर्भ में हो, हम सर्वांगीण विकास के संकल्प को लेकर मिशन मोड में आगे बढ़ते जा रहे हैं।'

सीएम डॉ. यादव बोले-

# औद्योगिक विकास के लिये हरसंभव सहायता देने सरकार प्रतिबद्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान यात्रा के तीसरे दिन पैनासोनिक एनर्जी कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पैनासोनिक के अधिकारियों से मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों और सहयोग की संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पैनासोनिक एनर्जी से अपेक्षाएँ जताईं कि वह राज्य में अपनी स्किल डेवलपमेंट पहल को बढ़ावा दे, ताकि प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने पैनासोनिक एनर्जी को ऊर्जा भण्डारण और सस्टेनेबल बैटरी निर्माण के लिए पीथमपुर में अपनी इकाई का विस्तार करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने प्रदेश में रिसर्च और डेवलपमेंट केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया। इससे प्रदेश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वृद्धि हो सकेगी।



### मध्य प्रदेश में निवेश के अधिक अवसर

मुख्यमंत्री ने पैनासोनिक एनर्जी के साथ मध्यप्रदेश में विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी निर्माण और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में नई यूनिट्स स्थापित करने पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नीति और पैनासोनिक एनर्जी के लिए विशेष वित्तीय सहायता योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि इससे पैनासोनिक को मध्यप्रदेश में और अधिक निवेश करने के अवसर मिल सकते हैं। बैठक में पैनासोनिक एनर्जी के अधिकारियों ने अपनी कंपनी की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पैनासोनिक ने मध्यप्रदेश में ऊर्जा भंडारण और बैटरी निर्माण क्षेत्र में निवेश करने की अपनी रुचि दर्शाते हुए विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश सरकार का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

### जीआईएस के लिये किये आमंत्रित

मुख्यमंत्री ने पैनासोनिक एनर्जी को आगामी 24-25 फरवरी 2025 को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आमंत्रित किया, जिससे वे राज्य में निवेश के नए अवसरों पर विचार कर सकें और मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को और बेहतर समझ सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पैनासोनिक एनर्जी के प्रतिनिधियों को प्रदेश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों जैसे सांची का दौरा करने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने पैनासोनिक एनर्जी के साथ मध्यप्रदेश में एक दीर्घकालिक और मजबूत साझेदारी की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई और उन्हें राज्य में हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

# ईडी की छापेमारी में मिले 73 करोड़

## कंपनी की मालकिन पायल ने खाया जहर, चिराग पासवान के करीबियों पर आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर छापे के बाद कंपनी के संचालक किशन मोदी की पत्नी 31 वर्षीय पायल मोदी ने जहर खा लिया। गुरुवार रात उनको गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या की कोशिश किन कारणों से की गई अभी इसकी जांच जारी है। फिलहाल पुलिस को पायल का एक कथित सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और पांच अन्य लोगों पर आरोप लगाए हैं।**

बता दें कि बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के ठिकानों पर






सर्चिंग की कार्रवाई की थी। दो दिन से जारी सर्चिंग में कंपनी के भोपाल, सीहोर और मुरैना स्थित परिसरों की जांच में ईडी को उसके संचालकों के पास करोड़ों की संपत्ति मिली है। जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छापेमारी के दूसरे दिन गुरुवार को जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्शन कंपनी के मालिक किशन मोदी की पत्नी पायल मोदी ने चूहामार दवाई खा ली। उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। कंपनी और संचालकों के ठिकानों पर जांच में ईडी को कई आपत्तिजनक दस्तावेज, 25 लाख रुपये नकद, बीएमडब्ल्यू और फॉर्च्यूनर जैसी लग्जरी कारों के साथ ही संचालक किशन मोदी की विभिन्न कंपनियों और परिवार के सदस्यों के नाम पर 66 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। ईडी को 6.26 करोड़ रुपये की एफडी भी मिली है।

ईडी की जांच कंपनी के प्रमुख व्यक्तियों किशन मोदी, पायल मोदी, अमित कुलोद समेत अन्य पदाधिकारियों के निवास और फैक्टरी पर की गई। ईडी ने यह जांच आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भोपाल द्वारा दर्ज की गई एफआईआर और चार्जशीट के आधार पर शुरू की। जांच में सामने आया कि जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने मिलावटी दूध उत्पाद बनाए और बीआईएस/एनएबीएल की मान्यता प्राप्त लैब के फर्जी प्रमाण पत्रों के माध्यम से उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचा। ईडी को 63 फर्जी लैब प्रमाण पत्र मिले, जिनका उपयोग मिलावटी दूध उत्पादों के निर्यात के लिए किया गया था। जांच में पता चला कि ये प्रमाण पत्र या तो अन्य कंपनियों के नाम पर जारी किए गए थे या फिर उन्हें जाली तरीके से प्राप्त किया गया था।

### इन पर आरोप

पायल मोदी का कथित सुसाइड नोट में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और उनके पांच अन्य साथियों का जिक्र है। इनमें चन्द्र प्रकाश पांडे, वेद प्रकाश पाण्डे, सुनील त्रिपाठी, भगवान सिंह मेवाड़ा और हितेष पंजाबी के नाम हैं। आरोप है कि ये सभी लोग चिराग पासवान की पॉलिटिकल पावर का इस्तेमाल कर मोदी की कंपनियों पर CGST, FFSI, EOW, ED के छापे डलवा रहे हैं।

# सुमित मिश्रा इंदौर शहर अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा

## गोलू शुक्ला और रमेश मेंदोला की पसंद को मिली तवज्जो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बीजेपी ने आखिरकार इंदौर जिला अध्यक्ष और शहर अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। बीजेपी ने इंदौर जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा को तो वहीं इंदौर शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा को बनाया है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक चावड़ा जहां संगठन की पंसद है तो वहीं मिश्रा विधायक गोलू शुक्ला और रमेश मेंदोला के खास है। दोनों ही नेता पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता के साथ ही काफी लंबे समय से अध्यक्ष पद के लिए लॉबिंग कर रहे थे।**



श्रवण सिंह चावड़ा



सुमित मिश्रा

इस बार पार्टी संगठन ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की पसंद को तवज्जों नहीं दी है। गौरतलब है कि इंदौर जिला और ग्रामीण अध्यक्ष को लेकर क्षत्रपों के बीच पेंच फंसा हुआ था जिसके कारण पार्टी संगठन को घोषणा करने में समय लग गया। इंदौर ग्रामीण अध्यक्ष में दो लोगों की लड़ाई का फायदा तीसरे को मिला है। दरअसल, वर्तमान इंदौर ग्रामीण अध्यक्ष चिंटू वर्मा के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लॉबिंग की थी। वह चाहते थे की चिंटू ही दोबारा रिपीट हो जाएं। वर्मा मंत्री विजयवर्गीय के खास समर्थक है। लेकिन दूसरी तरफ मंत्री तुलसी सिलावट चाहते थे की अंतर दयाल को अध्यक्ष बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने रायशुमारी वाले दिन अंतर दयाल का नाम देकर पेंच फंसा दिया था। मंत्री सिलावट का साथ दो विधायकों (उषा ठाकुर और मनोज पटेल) ने दिया था। वहीं पूर्व विधायक विशाल पटेल भी उनको समर्थन दे चुके थे। इस तरह दोनों ही मंत्रियों की लड़ाई अपने-अपने समर्थक को अध्यक्ष बनाने की चल रही थी। जिसमें पार्टी संगठन ने तीसरे ही व्यक्ति को अध्यक्ष बना दिया। जिसकी रायशुमारी तक में चर्चा नहीं थी। श्रवण सिंह चावड़ा देपालपुर विधानसभा के तहत आने वाली हातोद तहसील के पालाखेड़ी के रहने वाले है। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि चावड़ा के लिए किसी भी नेता ने लॉबिंग नहीं की थी। उन्हें संगठन की पसंद पर यह जिम्मेदारी मिली है। चावड़ा संघ से आते है और वह बचपन में ही संघ से जुड़ गए थे। हांलाकि चावड़ा स्वर्गीय नंद कुमार चौहान के खास समर्थक रहे है। बताया जाता है कि एक समय था जब चावड़ा का कोई भी काम नंद कुमार चौहान के बिना नहीं होता था। चावड़ा ने देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी से बीकॉम की पढ़ाई की है। वह पार्टी ने 2005 में सबसे पहले चावड़ा को बूथ अध्यक्ष बनाया था। जिसके बाद उन्हें 2007 में मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद उन्हें 2009 में बीजेपी युवा मोर्चा का जिला महामंत्री बनाया गया था। फिर 2012 में युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बनाए गए। 2017 में पार्टी ने चावड़ा को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया था। वर्तमान में यह बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष है। चावड़ा की उम्र 39 साल है। इंदौर बीजेपी की रायशुमारी वाले दिन इंदौर-2 के विधायक रमेश मेंदोला और इंदौर-3 के विधायक गोलू शुक्ला ने पूरी ताकत सुमित मिश्रा के लिए लगाई थी। इसके लिए बाकायदा मेंदोला ने बीजेपी कार्यालय पर मैदान संभाला था ओर एक-एक नेता से सुमित का नाम प्रमुखता से देने के लिए कहा था। वहीं सुमित मिश्रा को मंत्री विजयवर्गीय का भी समर्थक माना जाता है। लेकिन मंत्री विजयवर्गीय ने इस बार सुमित की जगह पर टीनू के लिए जोर लगाया था। लेकिन बीजेपी सूत्रों का कहना है कि पिछले दिनों बीजेपी में टीनू की डील की बात सामने आने पर मंत्री विजयवर्गीय ने उनके नाम से दूरी बना ली थी और सुमित के नाम पर ही अपनी सहमति दे दी थी। जिसके कारण पार्टी ने शहर में सुमित को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। सुमित मिश्रा कुशल वक्ता हैं और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में भी सक्रिय भूमिका में रहे हैं। वह भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री भी रह चुके हैं। सुमित मिश्रा पिछली बार भी नगर अध्यक्ष पद के दावेदार थे। उनका नाम रायशुमारी में भी शामिल था। तब संगठन ने गौरव रणदिवे को भाजपा का नगर अध्यक्ष बनाया था। सुमित मिश्रा की उम्र 45 साल है।

# इंश्योरेंस कंपनी से तीन साल के बालक को 49 लाख का मुआवजा

### हादसे में खो दिए थे माता पिता

**इंदौर। इंदौर में जिला न्यायालय ने तीन साल के बालक को माता पिता के निधन पर इंश्योरेंस कंपनी को 49 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने माता, पिता और गर्भस्थ शिशु की मृत्यु होने और तीन साल के बालक को हादसे में स्थायी शारीरिक नुकसान होने पर यह फैसला सुनाया है।**

दिनांक 10.02.2023 को दुर्घटना हुई थी। राहुल अपनी मोटर सायकल पर पत्नि करीना एवं पुत्र रितिक को पीछे बैठाकर अपनी सही साइड व सीमित गति से यातायात के नियमों का पालन कर वाहन चलाते हुए अपने ससुराल जा रहा था। दोपहर 1.30 बजे लगभग वह पाकीजा रोड़, बायपास, खजराना, इंदौर पहुंचा ही था कि तभी वाहन डम्फर क. आर.जे.09 जी डी 6702 का चालक अपने वाहन को अत्यंत तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया और राहुल की मोटर सायकल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राहुल उसकी पत्नि करीना एवं पुत्र रितिक तीनों वाहन मोटर सायकल सहित नीचे गिर पड़े। राहुल व करीना को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर व प्राणघातक चोटें आने से दोनों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी एवं घायल रितिक को उपचार हेतु हास्पिटल ले जाया गया था। हादसे के वक्त महिला का पांच माह का गर्भ भी था।

**ब्याज सहित मुआवजा देने का आदेश-** अधिवक्ता मनीष कौशल, शुभमसिंह तोमर और ओमवीर सिंह ने बताया कि दुर्घटना में डम्फर न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में बीमित था। कोर्ट ने सभी तथ्यों के आधार पर तीन साल के रितिक को न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कुल 49 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है।

# लालबाग पैलेस बनेगा इंदौर का प्रमुख टूरिस्ट स्पॉट, पांच करोड़ हो रहे खर्च

**इंदौर। होलकर परिवार का आवास रहे इंदौर के लालबाग पैलेस पर अब सरकार फोकस कर रही है। इसे इंदौर का प्रमुख टूरिस्ट स्पॉट बनाया जाएगा। पैलेस के जीणोद्धार, सौदर्यीकरण व इंटीरियर पर पांच करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे है।**

गुरुवार को सांसद शंकर लालवानी ने लालबाग पैलेस का निरीक्षण भी किया। योजना के बारे में उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स और मध्यप्रदेश सरकार ने पैलेस के लिए पांच योजना बनाई है। इसमें पांच करोड़ रुपये की लागत से तीन वर्षों में अलग-अलग काम होंगे।इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य 19वीं और 20वीं शताब्दी की इस ऐतिहासिक इमारत को क्षरण से बचाना और इसके पुरातात्विक महत्व को बरकरार रखना है।

इस महल के विभिन्न हिस्सों की संरचनात्मक मजबूती, कलात्मक कृतियों और अंदरूनी सजावट को सहेजने के लिए एक विशेष प्रयोगशाला स्थापित की गई है। इसमें विशेषज्ञ लगातार शोध कर रहे हैं और संरक्षण तकनीकों का प्रयोग कर रहे हैं।दुर्लभ पेंटिंग और सजावटी कृतियों को सहेजा गया है। इसके अलावा दरवाजों पर लगी गोल्डन पैनलों की मरम्मत की जा रही है।



### कालीनों से निकाली वर्षों पुरानी धूल

लालबाग पैलेस में रखे गए वर्षों पुराने कालीनों की गहरी सफाई की गई, जिससे करीब डेढ़ क्विंटल धूल निकली। इस कार्य में ऐसे कारीगरों की मदद ली गई जो पिछले 5 पीढ़ियों से कालीन बनाने और उनकी मरम्मत करने के पारंपरिक तरीके जानते हैं। अभी लालबाग पैलेस के अंदरूनी हिस्सों का संरक्षण कार्य होगा। इसके बाद बाहरी क्षेत्र के लिए भी मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। पैलेस के गार्डन को भी संवारा जाएगा।

# MPPSC की महिला अभ्यर्थियों ने आरक्षण नीति रद्द करने के लिए राष्ट्रपति को लिखा पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। MPPSC परीक्षा की तैयारी कर रही कुछ महिला उम्मीदवारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर राज्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में महिला आरक्षण नीति को रद्द करने की मांग की है। उनका तर्क है कि यह नीति महिलाओं को लाभ पहुंचाने के बजाय नुकसानदेह है। यह उन्हें सामान्य मेरिट के बजाय आरक्षित सीटों तक सीमित कर देती है। हालांकि, MPPSC अध्यक्ष राजेश लाल मेहरा ने कहा कि ऐसा नहीं है। यह याचिका मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी भेजी गई है। महिला उम्मीदवारों का कहना है कि आरक्षण प्रणाली मेरिट को दबाती है। यह उच्च अंक प्राप्त करने वाली महिलाओं के अवसरों को सीमित करती है। याचिकाकर्ताओं में से एक, सुनीता जैन ने कहा कि सरकार महिलाओं के लिए 35% आरक्षण की वकालत कर रही है, फिर भी MPPSC परीक्षाओं में यह नीति मेधावी महिला उम्मीदवारों के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा किजो महिलाएं शीर्ष रैंक हासिल करती हैं, उन्हें सामान्य मेरिट सूची में शामिल करने के बजाय आरक्षित श्रेणी में डाल दिया जाता है। सुनीता जैन ने बताया कि यह न केवल उनके अवसरों को प्रभावित करता है बल्कि कुल मिलाकर महिलाओं के चयन की संख्या को भी सीमित करता है। उम्मीदवारों ने ऐसे विशिष्ट मामलों की ओर इशारा किया है, जहां अधिक अंक वाली महिला उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित की गईं। वहीं कम अंक वाले पुरुष उम्मीदवारों ने सामान्य वर्ग में स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 2017 की सहायक प्रोफेसर परीक्षा के परिणामों का उदाहरण दिया। इसमें बायोकेमिस्ट्री में शीर्ष रैंक वाली महिला उम्मीदवार तस्नीम रंगवाला को सामान्य मेरिट सूची में शामिल करने के बजाय आरक्षित श्रेणी में रखा गया था। उनका कहना है कि परिणामस्वरूप, एक अन्य योग्य महिला उम्मीदवार, शिल्पी पांडे का चयन नहीं हो पाया। एक अन्य उम्मीदवार, निशा गर्ग ने कहा कि हम विशेष व्यवहार की मांग नहीं कर रहे हैं। हमारी मांग सिर्फ निष्पक्षता की है। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई पुरुष उम्मीदवार उच्च रैंक हासिल करता है, तो उसका चयन मेरिट के आधार पर होता है। लेकिन जब कोई महिला उम्मीदवार समान रैंक हासिल करती है, तो उसे आरक्षित श्रेणी में रखा जाता है।

# शासकीय स्कूलों के बच्चे भी डिजिटल शिक्षा से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें और देश की प्रगति में योगदान दें : सांसद श्री लालवानी

## सांसद शंकर लालवानी की पहल से शासकीय स्कूलों में 50 लाख रूपये की लागत के 105 कम्प्यूर किये गये वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को आगे बढ़ाते हुए सांसद श्री शंकर लालवानी की पहल पर 50 लाख रुपये की लागत के 105 कंप्यूटर इंदौर के शासकीय स्कूलों में वितरित किए गए। डिजिटल इंडिया मिशन को मजबूत करने और बेटियों की शिक्षा को नया आयाम देने के उद्देश्य से देवी अहिल्या की 300वीं जयंती के अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा शासकीय स्कूलों में 300 कंप्यूटर लगाये जाएंगे। इस महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत आज बाणगंगा स्थित अहिल्याश्रम कन्या विद्यालय से हुई, जहां सांसद श्री शंकर लालवानी ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर सौंपे और उन्हें डिजिटल शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माता अहिल्या के 300वीं जयंती वर्ष को स्मरणीय बनाने के लिए हमने संकल्प लिया है कि 300 कंप्यूटर विभिन्न स्कूलों में वितरित करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि सरकारी स्कूलों के बच्चे भी डिजिटल शिक्षा से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें और देश की प्रगति में योगदान दें। यह पहल सांसद सेवा संकल्प और इंडियन ऑयल के सीएसआर फंड के सहयोग से संभव हुई, जिसका उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों



को आईटी के क्षेत्र में दक्ष बनाना और डिजिटल युग के लिए तैयार करना है।

सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि बेटियों को डिजिटल शिक्षा का भरपूर लाभ मिले और वे भी आगे बढ़कर देश की प्रगति में योगदान दें, इसलिए हमने इस पहल की शुरुआत एक कन्या विद्यालय से की है। हमारी बेटियां अगर तकनीकी रूप से सशक्त होंगी, तो वे हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन करेंगी। सांसद श्री लालवानी ने इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है। प्रदेश सरकार लगातार शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है और डिजिटल संसाधनों को बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। आने वाले समय में और अधिक स्कूलों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को नई तकनीकों से सीखने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर सांसद लालवानी ने घोषणा की कि यह पहल इंदौर जिले के प्रत्येक सरकारी स्कूल में आधुनिक कंप्यूटर लैब स्थापित करने के लक्ष्य का पहला चरण है। भविष्य में और अधिक सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा का लाभ मिल सके। हमारा प्रयास है कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी टेक्नोलॉजी में माहिर हों और उन्हें निजी स्कूलों जैसी डिजिटल सुविधाएं मिलें। कंप्यूटर शिक्षा से बच्चों की क्षमताओं का विकास होगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने बताया कि कंप्यूटरों का तीन साल तक रखरखाव और नियमित प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन कंप्यूटरों का अधिकतम उपयोग हो और विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा से सही लाभ मिले।

### विद्यार्थियों और शिक्षकों में उत्साह

इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों ने कंप्यूटर प्राप्त कर खुशी जाहिर की और कहा कि अब वे अपने स्कूल में ही कंप्यूटर सीख सकेंगे, जिससे उनके करियर को दिशा मिलेगी। शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता से पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार होगा और विद्यार्थी आधुनिक तकनीकों से अवगत हो सकेंगे। इस अवसर पर युग शक्ति एजुकेशन डेवलपमेन्ट सोसायटी अध्यक्ष श्रीमति मुक्ति जैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा वैश्य, जिला शिक्षा समन्वय नरेन्द्र जैन, पार्षद श्रीमती सीमा डाबी उपस्थित थीं। आभार स्कूल प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने माना।

# वॉक कर रहे एक दंपति के साथ लूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राजेन्द्र नगर इलाके में बुधवार रात पैदल वॉक कर रहे एक दंपति के साथ लूट की वारदात हो गई। बाइक सवार महिला के गले से मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गया। सूचना के बाद देर रात पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो उसमें वारदात कैद हो गई। पुलिस ने गुरुवार को महिला और उसके पति को थाने बुलाया है। घटना शिव सागर कॉलोनी की है। बिजलपुर में रहने वाली खाती समाज की महिला अपने पति के साथ रात करीब 9:30 बजे के लगभग शिव सागर कॉलोनी में पैदल वॉक कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार पहले उनके पीछे से निकलकर गया। इसके बाद दोबारा वह आगे की तरफ से आया और झपट्टा मारकर मंगलसूत्र ले उड़ा। दंपति ने वारदात के बाद शोर भी मचाया। वह चिल्लाते हुए बाइक सवार के पीछे दौड़े। लेकिन तेज रफ्तार बाइक सवार वहां से भाग गया। बाद में रहवासी इकट्ठा हुए। जिसमें लोगो ने घटना की जानकारी ली। इसके बाद रहवासियों ने फुटेज चेक कर पुलिस को मामले की जानकारी दी। रात होने के चलते दंपति ने इस मामले में एफआईआर दर्ज नही कराई। पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया है।

# प्रॉप्रट्री विवाद में खाया जहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बिचौली मर्दाना में रहने वाले राकेश पुत्र भोलराम नरवले निवासी सत्यदेव नगर ने जहर खा लिया। उसका एमवाय में उपचार चल रहा है। राकेश ने कलेक्टर और इंदौर पुलिस कमिशनर को कपिल और उसकी पत्नी पूजा के द्वारा मकान पर कब्जा करने को लेकर शिकायत की थी। राकेश ने जहर खाने के लिए एक नोट लिखा है। जिसमें उसकी मौत की जिम्मेदार कपिल और उसकी पत्नी पूजा को बताया है। पत्नी ललिता ओर बेटी से माफी भी मांगी है। राकेश ने बताया कि कपिल ने उसके मकान और आफिस पर कब्जा कर लिया और उसके साथ काफी मारपीट भी की है। कनाडिया पुलिस उक्त मामले में जांच कर रही है।

# नशेड़ी युवती और युवकों ने की लूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **तुकोगंज में नशेड़ी युवती और उसके दो साथी युवकों ने मिलकर एक ऑटो रिक्शा ड्राइवर के साथ लूट की वारदात कर दी। ऑटो ड्रायवर थाने पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने कुछ ही देर में फुटेज के आधार पर तीनों को पकड़ लिया। उन्होंने वारदात करना कबूल किया है।**

तुकोगंज पुलिस ने सुरेन्द्र सोलंकी निवासी कृष्णबाग कॉलोनी की शिकायत पर गोलू, आकाश और वंशिका पर लूट का केस दर्ज किया है। सुरेन्द्र ने बताया कि वह सुबह करीब 5:30 बजे रेलवे स्टेशन से सवारी छोड़कर विजयनगर जा रहा था। सुबह जब वह राजकुमार ब्रिज के यहां सांई होटल वल्लभ नगर के पास पहुंचा



तो वहां तीनों एक्टिवा से सामने आए ओर ऑटो रिक्शा रोक ली। इसके बाद तीनों धमकाते हुए जेब में हाथ डालकर रुपए निकाल लिए। आरोपी रुपए निकालने के बाद सिर पर हमला कर फरार हो गए। सुरेन्द्र ने पुलिस को एक्टिवा के नंबर बताए। इसके बाद पुलिस ने इलाके के फुटेज देखे ओर तीनों को पकड़ लिया। आरोपियों से एक्टिवा और एक हथियार जब्त किया गया है। बताया जाता है कि भागते समय लड़के गिर गए। जिसमें उन्हें हाथ पैर में चोट आई है।

# कचरा गाड़ी ने सेवानिवृत कर्मचारी को टक्कर मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आजाद नगर में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर बुधवार दोपहर हादसे में एक सेवानिवृत कर्मचारी की मौत हो गई। जबकि यहां काम करने वाले दो कर्मचारी घायल हो गए। अफसरों ने हेल्पर द्वारा गाड़ी रिवर्स किए जाने को लेकर हादसे की बात कही। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए है। जिसमें कचरा गाड़ी तेजी से अंदर जाने के बाद टक्कर मारते हुए दिख रही है।

आजाद नगर पुलिस नगर निगम के कचरा स्टेशन पर हुए



हादसे को लेकर जांच कर रही है। इस हादसे में सेवानिवृत कर्मचारी हबीब पुत्र सफी शाह निवासी मीना पैलेस आजाद नगर की स्टेशन के अंदर मौत हो गई। जबकि विक्रम और वीरेंद्र घायल हुए है। पुलिस ने जब हादसे के फुटेज देखे तो उसमें कचरा गाड़ी तेजी से अंदर की तरफ आते हुए दिखी है। इसके बाद उसने वहां साथियों के साथ बात कर रहे हबीब और अन्य को टक्कर मारी है। मृतक यहां अपने साथियों से मिलने पहुंचे थे। हादसे के बाद नगर निगम के अफसर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ड्राइवर ने कचरा गाडी प्लांट पर खड़ी की थी। जिसमें हेल्पर विकास ने रिवर्स करने के दौरान एक्सीलेटर दबाया और हादसा हो गया। जबकि पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में तेजी से कचरा गाडी अंदर आते हुए दिखी है। इसके बाद उसने यहां खड़े कर्मचारियों को टक्कर मारी। पुलिस इस मामले में लापरवाही को लेकर केस दर्ज करेगी।

# छात्रा का चाकू से गला रेता...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सांवेर में एक बदमाश ने युवती का गला रेत दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी पीछे से आया और अचानक चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद वह बैग छोड़कर फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है, जबकि घायल युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना सांवेर के वार्ड 12 की है, जहां पायल पुत्री संजय पर अमन शेख नामक युवक ने हमला किया। मौके से मिले बैग में अमन के नाम की किताब बरामद हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पायल चंद्रावतीगंज की रहने वाली है और कुछ दिनों से अपने मामा के घर आई हुई थी। घटना के समय वह घर के बाहर खड़ी थी, तभी आरोपी ने चेहरे, हाथ और गले पर चार से अधिक वार किए और भाग गया। अमन शेख मकोडिया गांव का निवासी बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, पायल और अमन एक ही कॉलेज में पढ़ते थे, जहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी कारण युवती अपने मामा के घर रहने आई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है, जबकि युवती की हालत गंभीर बनी हुई है।

# धान उत्पादक किसानों को सरकार देगी प्रोत्साहन राशि

## 10 हजार रुपये खाते में डालेगी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राज्य सरकार प्रदेश के धान उत्पादक सभी किसानों को प्रोत्साहन राशि देगी। यह प्रति हेक्टेयर दो हजार रुपये रहेगी। कृषि विभाग इसके लिए योजना तैयार कर रहा है। इसमें पांच हेक्टेयर तक की अधिकतम सीमा निर्धारित की जा सकती है।**

योजना को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के जापान दौरे से लौटने के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा। राशि एक-दो माह में किसानों के आधार से



लिंक बैंक खातों में एक बड़ा कार्यक्रम कर अंतरित की जाएगी। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान किसानों से 2,700 रुपये में गेहूं और 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का वादा किया था। संकल्प पत्र में भी इसका उल्लेख किया गया।जब गेहूं का उपार्जन प्रारंभ हुआ और बोनस की घोषणा नहीं हुई तो कांग्रेस ने सरकार ने वादाखिलाफी का आरोप लगाया। बाद में सरकार ने प्रति क्विंटल 125 रुपये बोनस देने का निर्णय लिया।दिसंबर, 2024 में राज्य सरकार ने तय किया कि धान उत्पादक किसानों को बोनस देने के स्थान पर प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह दो हजार रुपये प्रति हेक्टेयर रहेगी। कृषि विभाग ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप योजना का प्रारूप तैयार किया है।योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले इसलिए इसके दायरे में लघु, सीमांत और बड़ी जोत वाले सभी किसान इसमें शामिल किए जाएंगे। हालांकि, इसमें अधिकतम सीमा रखी जाएगी यानी पांच हेक्टेयर तक किसानों को लाभ मिलेगा।

एसपी से मंत्री बोले

# अवैध शराब रहेगी या आपके अधिकारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। 'शराब रहेगी या फिर ये लोग, आप ही एसपी साहब तय कर लें।' पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने जैसे ही एसपी संपत उपाध्याय से ये बात कही, उन्होंने तुरंत ही थाना प्रभारी को बुलाया और उनके कान में कुछ कहने लगे। इस पर मंत्री राकेश सिंह ने कहा- मेरा कहना कुछ दूसरा है। सबको सब पता है। पुलिस भी सब जानती है।**

अवैध शराब बंद होनी चाहिए। मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं। मैं अब पश्चिम विधानसभा के थाना प्रभारी और एसपी साहब आपके साथ मीटिंग लेना चाहूंगा। क्योंकि अगर ये अवैध शराबबंदी ना कर पाए तो इनको नहीं रखना है। नर्मदा घाट पर अगर ये स्थिति है, तो जिलें में क्या हाल होंगे। ये पूरा घटनाक्रम बुधवार का है, जब मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, कलेक्टर दीपक सक्सेना, एसपी संपत उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर प्रीति यादव के साथ नर्मदा जंयती की तैयारी का जायजा लेने के लिए गौरी घाट पहुंचे थे। यहां अधिकारियों और मंत्री की बैठक के दौरान ही एक व्यक्ति ने गौरी घाट थाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए। व्यक्ति ने कहा कि कहने को तो ये शराब प्रतिबंधित क्षेत्र है, पर सबसे ज्यादा यहीं पर अवैध शराब बिकती है। इसकी जानकारी पुलिस को भी अच्छे से है। इतना सुनते ही मंत्री राकेश सिंह नाराज हो गए और कलेक्टर, एसपी की मौजूदगी में ही पुलिसकर्मियों की क्लास लगा दी।

निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरा

# जेके सीमेंट प्लांट हादसा 4 मौत, 15 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना, एजेंसी।** पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में कई मजदूर आ गए।

मौके पर पहुंचे कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि घटना में 4 लोगों की मौत हुई है। इनके शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। रावत ने 15 मजदूर घायल होने की पुष्टि भी की है। डीआईजी ललित शाक्यवार ने बताया कि चार मृतकों में तीन बिहार के रहने वाले हैं और एक पन्ना जिले के सिमरिया का रहने वाला है।



**इनकी गई जान**

अंसार आलम (उम्र 34 वर्ष) निवासी पूर्णिया बिहार, मसूद (उम्र 36 वर्ष) पिता नसरुदीन, निवासी पूर्णिया बिहार, रोहित खरे (उम्र 32 वर्ष), निवासी सिमरिया पन्ना। **मुस्फिर (उम्र 36 वर्ष), निवासी पूर्णिया बिहार**

प्लांट का दौरा कर लौटे अधिकारियों ने बताया कि मृतकों को प्लांट प्रबंधन की तरफ से 18-18 लाख रुपए दिए जाएंगे। घायलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही कटनी के अस्पताल में सभी का इलाज किया जा रहा है। जब तक घायल मजदूर पूर्ण रूप से स्वस्थ्य नहीं हो जाते तब तक प्रबंधन की तरफ से इलाज करवाया जाएगा। सभी को पूरी सैलरी भी दी जाएगी। प्रथम दृष्टया कारण के विषय में उन्होंने बताया कि बिल्डिंग की सेविंन फ्लोर की बीम से सैटरिंग गिरी थी। जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। प्रशासन की तरफ से जांच टीम बनाई गई है। जो यहां पर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जो दोषी पाया जाएगा, उस पर पर कार्रवाई की जाएगी। एएसपी आरती सिंह ने बताया कि राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। कई घायल मजदूरों को नजदीकी कटनी जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## मध्यप्रदेश में प्राइवेट स्कूलों की हड़ताल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में आज एमपी बोर्ड के पहली से आठवीं कक्षा तक के प्राइवेट स्कूल बंद हैं। बंद का आह्वान एमपी बोर्ड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने किया है। मान्यता के नियम में रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट की शर्त के विरोध में बंद बुलाया गया है। इंदौर, जबलपुर, उज्जैन समेत प्रदेश के अन्य जिलों में बंद का असर देखा जा रहा है। वहीं विदिशा में स्कूल संचालकों ने अपना मुंडन कराया है। हालांकि, इसका असर राजधानी भोपाल में नहीं देखा गया। प्राइवेट स्कूल संचालक एसोसिएशन के अनुसार इसका प्रभाव शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में नजर आया हैं। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि सरकार ने मान्यता के नियमों को बहुत जटिल बना दिया है, जिससे सबसे अधिक कठिनाई ग्रामीण जिलों में हो रही है। वहीं एफडी अमाउंट लिया जा रहा है।

# हवाओं के रुख बदलने से प्रदेश का बढ़ा तापमान

### 32 डिग्री दिन का पारा, कल से छाएंगे बदल, बदलेगा मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मौसम में उतार चढ़ा जा रही है। हवाओं के बदले रुख से जहां धूप में तल्खी बढ़ने लगी है, वहीं रात में भी कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। दिन के तापमान में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है गुरुवार को मंडला लगातार दूसरे दिन सबसे गर्म रहा यहां का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस किया गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक फरवरी से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। प्रदेश में शनिवार से बादल छाने लगेंगे। साथ ही ग्वालियर, चंबल, इंदौर और उज्जैन संभाग में कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती है। गुरुवार को प्रदेश में सबसे कम 8.2 डिग्री सेल्सियस तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी के पहले सप्ताह में ठंड का एक और दौर आएगा। हालांकि, कड़ाके की ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन कई शहरों में पारा 5 से 8 डिग्री के बीच रह सकता है। अगले 2 दिन दिन-रात में पारा बढ़ा रहेगा। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया,



अगले 4 दिन में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहे हैं, लेकिन प्रदेश में असर कम रहेगा। इस वजह से अब बारिश के आसार नहीं है। फरवरी के पहले सप्ताह में मौसम का मिला-जुआ असर रहेगा। सुबह और रात में ठंड रहेगी। इससे ठंड का एक दौर और आ सकता है। पारे में गिरावट होगी। दूसरी ओर, दिन में धूप खिली रहेगी। दिन में गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। कई शहरों में पारा 28 डिग्री के पार पहुंच गया है। गुरुवार को मंडला सबसे गंदा यहां का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस किया गया। सिवनी में 31.5 डिग्री, खंडवा में पारा 31.9 डिग्री, वहीं, खरगोन, रतलाम, नर्मदापुरम, सागर में 31 डिग्री के पार रहा। भोपाल, बैतूल, गुना, शिवपुरी, उज्जैन, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, सतना, टीकमगढ़, उमरिया में पारा 29-30 डिग्री के बीच दर्ज किया गया।

# प्रेमी संग फरार हुई 4 बच्चों की मां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में चार बच्चियों की मां अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। घटना गुरुवार की सुबह 5 बजे छतरपुर बस स्टैंड पर हुई, राजाराम श्रीवास अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दिल्ली से अपने गांव लौट रहा था। राजाराम की शादी 2011 में रामदेवी से हुई थी। दंपती की चार बेटियां हैं, जिनमें से दो दादा-दादी के पास गांव में और दो दिल्ली में रहती थीं। राजाराम पिछले 9 सालों से दिल्ली में मजदूरी कर रहा था। उसकी पत्नी रामदेवी का पिछले 5 सालों से सुनील श्रीवास नाम के रिश्तेदार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, जो दिल्ली में ही मजदूरी करता था। घटना के दिन जब परिवार बस से छतरपुर पहुंचा, तो रामदेवी ने पति को बच्चों को टॉयलेट ले जाने के लिए कहा। जब राजाराम बच्चों के साथ लौटा, तो पाया कि उसकी पत्नी सुनील के साथ फरार हो गई थी। साथ में वह 24 हजार रुपए नकद और अपने खाते में रखे 50 हजार रुपए भी ले गई। पति ने पत्नी के मायके में संपर्क किया, जहां से उसके माता-पिता ने कहा कि उनकी बेटी उनके लिए मर चुकी है और वह वहां नहीं आई है। राजाराम ने शाम 5 बजे सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।

## महाकुंभ भगदड़ में एमपी के 5 श्रद्धालुओं की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ में 28 जनवरी की देर रात भगदड़ में मध्यप्रदेश के 5 लोगों की मौत हुई है। इनमें भोपाल के बृजमोहन शर्मा, नर्मदापुरम के उमेश सराठे, छतरपुर की हुकुम लोधी, रायसेन के मोहनलाल अहिरवार और शीला सोनी शामिल हैं। हुकुम की 19 साल की बेटी घायल है। इसके अलावा भितरवार के हरि साहू और उनकी पत्नी शकुंतला साहू लापता हैं। मंगलवार-बुधवार की देर रात करीब 1.30 बजे प्रयागराज के संगम नोज इलाके में भगदड़ मच गई थी। प्रशासन के मुताबिक 30 लोगों की मौत हुई है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- अमावस्या के दिन कुंभ में दुखद घटना हुई। कई लोग काल के गाल में समा गए। बाबा महाकाल उन्हें अपने चरणों में स्थान दें। मुझे जानकारी दी गई है कि उस यात्रा के दौरान मप्र के तीन लोगों ने मोक्ष प्राप्त किया है। घटना की जांच के लिए यूपी सरकार ने निर्देश जारी किए हैं।

## संपादकीय

# एक नया विश्वास पैदा करेगा बजट

बजट सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन के हंस द्वार पर संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि बजट से पहले मैं माता लक्ष्मी को प्रणाम करता हूं। उन्होंने एक संस्कृत श्लोक भी पढ़ा। पीएम ने कहा मां लक्ष्मी हमें सिद्धि और विवेक देती है। समृद्धि और कल्याण भी देती है। मैं मां लक्ष्मी से प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्ग पर समुदाय पर विशेष कृपा हो। पीएम मोदी संसद के बजट सत्र से पहले कहा, 'साथियों हमारे गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। देश की जनता ने मुझे तीसरी बार ये दायित्व दिया है। ये तीसरे कार्यकाल का ये पहला पूर्ण बजट है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 2047 जब आजादी के 100 साल होंगे विकसित भारत का जो संकल्प देश ने लिया है ये बजट सत्र ये बजट एक नया विश्वास पैदा करेगा। नई ऊर्जा देगा कि देश जब आजादी के 100 साल मनाएगा तब विकसित होकर रहेगा। 140 करोड़ देशवासी अपने सामूहिक प्रयास से इस संकल्प को परिपूर्ण करेंगे।' पीएम ने कहा, 'तीसरे टर्म में हम मिशन मोड में देश को सर्वांगीण विकास की दिशा में, चाहे भौगोलिक रूप से हो या सामाजिक रूप से या आर्थिक रूप से मिशन मोड में आगे बढ़ते जा रहे हैं। इनोवेशन, इन्क्लूजन और इंवेस्टमेंट ये लगातार हमारे आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार रहा है। इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक बिल पर सदन को चर्चा करनी होगी और व्यापक मंथन के साथ वो राष्ट्र की ताकत बढ़ाने का काम करने वाला कानून बनेंगे। विशेषकर नारी शक्ति को गौरव को फिर से स्थापित करना, पंथ संप्रदाय के भेद से मुक्त होकर हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन मिले उसको भी समान अधिकार मिले उस दिशा में इस सत्र में कई अहम निर्णय लिए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के जरिए देश विकास की गति का प्राप्त करेगा। राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर परफॉर्म करना होता है और जन भागीदारी से हम ट्रांसफॉर्म देख सकते हैं। हमारा युवा देश है, युवाशक्ति है और आज जो 20-25 साल के आयु के नौजवान हैं जब वो 45-50 साल के होंगे तब वो विकसित भारत का सबसे बड़े बेनिफिशयरी होने वाले होंगे, उम्र के उस पड़ाव पर होंगे नीति निर्धारण की स्थिति में होंगे कि वो गर्व के साथ आजादी के बाद जो शताब्दी शुरू होगी एक विकसित भारत के साथ आगे बढ़ेंगे। बजट सत्र से पहले पीएम मोदी ने विपक्ष पर इशारों में विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज एक बात आपने जरूर नोट की होगी, शायद 2014 से लेकर अबतक शायद एक पहला संसद का सत्र है कि जिसके एक दो दिन पहले कोई विदेशी चिंगारी नहीं पहुंची है। 2014 से हर सत्र से पहले शरारत करने के लिए लोग तैयार बैठे रहते थे, यहां उनको हवा देने वालों की कमी नहीं है।

isha



**हर काम जो हम करते हैं, हर विचार और भावना जो हम पैदा करते हैं, उससे हम अपने आस-पास एक बेहतर स्थिति बना सकते हैं।**

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# सौ साल की महिला को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

## जानिए लीबिया लोबो सरदेसाई के बारे में



76वें गणतंत्र दिवस का जश्न पूरे देश में मनाया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर हर साल भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान की घोषणा की जाती है। इस साल भी पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण के नामों की घोषणा हुई, जिसमें 139 हस्तियां शामिल हैं। सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए जिन नामों की घोषणा हुई है उसमें गुमनाम नायकों को भी शामिल किया गया है। खास बात ये हैं कि इस सूची में 23 महिलाओं के नाम हैं। इस साल 100 वर्षीय महिला को भी सम्मानित किया जाना है। लिस्ट में शामिल महिलाओं में एक नाम लीबिया लोबो सरदेसाई का है। आइए जानते हैं कौन हैं लीबिया लोबो सरदेसाई।

### 100 साल की लीबिया सरदेसाई

सौ साल की स्वतंत्रता सेनानी लीबिया लोबो सरदेसाई ने 1955 में गोवा को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराने और लोगों में आजादी की अलख जगाने के लिए जंगल में भूमिगत रेडियो स्टेशन वोज दा लिबरदाद यानी स्वतंत्रता की आवाज चलाया। 1954-55 में जब पुर्तगालियों ने कई सत्याग्रहियों की जान ले ली, तब बॉम्बे में छिपकर रह रहीं लोबो ने साथियों संग गोवा से 100 किमी दूर अंबोली घाट के जंगलों से रेडियो प्रसारण शुरू किया।

17 दिसंबर, 1961 को इस स्टेशन ने भारत के तत्कालीन रक्षा मंत्री वीके कृष्ण मेनन का सीधा संदेश प्रसारित किया, जिसमें पुर्तगाली गवर्नर जनरल को आत्मसमर्पण करने को कहा गया। 19 दिसंबर, 1961 को गोवा मुक्त हुआ तो लोबो ने भारतीय वायु सेना के विमान से पर्चे गिराते हुए गोवा की आजादी का एलान किया।

Uttarpradesh

# महाकुंभ भगदड़ के 2 दिन बाद प्रयागराज पोस्टमार्टम हाउस के बाहर लगाए गए 24 अज्ञात मृतकों के पोस्टर

**प्रयागराज, (एजेंसी)** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ हुई। इसके बाद भगदड़ को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ भगदड़ हादसे में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 60 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मरने वालों में 25 की पहचान कर ली गई है और पांच अज्ञात है। अब 2 दिन बाद प्रशासन की ओर से 24 अज्ञात मृतकों के चेहरे के पोस्टर लगा दिए गए हैं। इन पोस्टर से परिजन मृतकों की पहचान की कोशिश कर रहे हैं। पोस्टमार्टमहाउस के बाहर लगे इस पोस्टरों से अब कई तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं। उधर, भगदड़ में मामले की न्यायिक जांच



शुरू हो गई है। आज न्यायिक आयोग के सदस्य आज मौके पर पहुंच कर मौके का जायजा लेंगे।

मौनी अमावस्या की मध्य रात्रि के बाद संगम नोज पर हुई भगदड़ में कई ऐसे लोग हैं, जिनके परिजन अपनों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। हादसे के बाद से लोगों के मोबाइल बंद होने से परेशानी अधिक हो रही है। परिजन अपनों की जानकारी के लिए परेड ग्राउंड स्थित केंद्रीय अस्पताल पहुंच रहे हैं लेकिन वहां परिजनों के बारे में पुख्ता जानकारी न मिलने के कारण वहां से एसआरएन अस्पताल और एसआरएन से मेडिकल कॉलेज का चक्कर लगाते रहे। झांसी के सरमऊ के रहने वाले शिशुपाल ने बताया कि उनके पिता 58 वर्षीय महेश यादव का मंगलवार से कोई पता नहीं चल रहा है।

New Delhi

## मोदी के आसपास घूम रहे हैं राजीव कुमार; जहर पर घिरे केजरीवाल ने CEC पर ही जड़ दिया बड़ा आरोप



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** यमुना में जहर मिलाए जाने का आरोप लगाकर घिरे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग पर ही गरम हो गए हैं। उन्होंने पक्षपात का दावा करते हुए आरोप लगा दिया है कि चुनाव आयोग भाजपा के खिलाफ ऐक्शन नहीं ले रहा है और सिर्फ उन्हें नोटिस जारी कर रहा है। आम आदमी पार्टी के मुखिया ने सीधे राजीव कुमार को भी निशाने पर लिया और कहा कि वह रिटायरमेंट के बाद नौकरी के लिए मोदी के आसपास घूम रहे हैं।इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार जी से एक बात पूछना चाहता हूं कि दिल्ली में खुलेआम पैसा बांटा जा रहा है। पत्रकारों ने कहा कि पैसा बंट रहा है, जूते बंट रहे हैं। कहां हैं राजीव कुमार जी। उनको दिखाई नहीं दे रहा। हमने चिट्ठी लिखी तो जवाब आया कि इसका कोई सबूत नहीं है।' केजरीवाल ने कहा, 'पूरे दिल्ली में गुंडागर्दी चल रही है। लोगों का जीना हराम हो चुका है। कहां हैं राजीव कुमार जी। आतिशी और भगवंत मान गए उन्हें कहा कि पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है, 30 पर्सेंट दिल्ली को पानी नहीं मिल रहा है, क्योंकि अमोनिया आ रहा है। दिल्ली में लोगों को पानी नहीं मिल रहा है इस पर कोई ऑर्डर नहीं। केजरीवाल को नोटिस भेज दिया ताकि पोस्ट रिटायरमेंट, राजीव कुमार जी घूम रहे हैं मोदी के आसपास कि मुझे पोस्ट रिटायरमेंट कुछ दे देना कुछ।'

Punjab

पंजाब में भीषण हादसा

## गुरुहरसहाय में पिकअप-कैंटर टकराए, नौ की मौके पर ही मौत

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** पंजाब के फिरोजपुर में भीषण हादसा हुआ है। गुरुहरसहाय में फिरोजपुर मार्ग पर गोलू का मोड़ के नजदीक पिकअप और कैंटर की टक्कर हो गई। हादसे में करीब नौ लोगों की मौत की खबर है।

जानकारी के अनुसार, करीब 25 से 30 वेटर पिकअप में सवार होकर किसी कार्यक्रम के लिए गुरुहरसहाय से जलालाबाद जा रहे थे। फिरोजपुर मार्ग पर गोलू का मोड़ के नजदीक उनकी सड़क किनारे खड़े खराब कैंटर से टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, हादसे का कारण धुंध और तेज रफ्तार बताया जा रहा है।

Rajasthan

## पानी भरने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों के साथ चली गोलियां, 18 घायल और एक को लगी गोली

**अलवर, (एजेंसी) राजस्थान के अलवर जिले के मालाखेड़ा क्षेत्र के खेडली पिचनोत गांव में पानी भरने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया. दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले और फायरिंग भी हुई, जिसमें 18 लोग घायल हो गए. गोली लगने से भगवान सहाय नाम का शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अलवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

यह घटना तब हुई जब महावीर सिंह का परिवार कुंभ स्नान से लौटकर गांव आया और सरकारी नल से पानी न भरने देने की शिकायत भगवान सहाय के परिवार से की. इसके बाद विवाद बढ़ा और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई. दोनों तरफ से धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस



मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा. कुछ घायलों का इलाज मालाखेड़ा में चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को अलवर रैफर किया गया है. पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

खेल

दोहरे शतक के साथ उस्मान ख्वाजा ने धमाल मचाया

# डॉन ब्रैडमैन के क्लब में शामिल, बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**गाल।** स्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन किया और दोहरा शतक लगाया। इस दमदार पारी के साथ उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली और सर डॉन ब्रैडमैन के क्लब में शामिल हो गए।

### यह कारनामा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने ख्वाजा

श्रीलंका के खिलाफ जारी गाल टेस्ट के दूसरे दिन बाएं हाथ के बल्लेबाज ने दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने 352 गेंदों का सामना किया और 232 रन बनाए। इस पारी के दौरान अनुभवी बल्लेबाज ने 16 चौके



और एक छक्का लगाया। इसी के साथ वह 38 से ज्यादा की उम्र में दोहरा शतक लगाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले यह कारनामा डॉन ब्रैडमैन ने किया था। इसके अलावा वह श्रीलंका में दोहरी शतकीय पारी खेलने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए।

**लैंगर से आगे निकले ख्वाजा-** ख्वाजा ने जस्टिन लैंगर को इससे पहले पीछे छोड़ा था। दरअसल, लैंगर ने 2004 में कोलंबो में खेले गए टेस्ट मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 166 रनों की पारी खेली थी। वहीं, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 232 रन बनाकर पूर्व बल्लेबाज का यह रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसके अलावा वह 2006 के बाद पहले ऐसे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए जिसने एशिया में 2006 के बाद दोहरा शतक लगाया। उनसे पहले जेसन गिलेस्पी ने बांग्लादेश के खिलाफ 201 रन बनाए थे।

सिनेमा

## स्वरा भास्कर का X अकाउंट हुआ परमानेंट सस्पेंड, महात्मा गांधी पर पोस्ट करने पर हुआ एक्शन?



एक्ट्रेस स्वरा भास्कर का X (पहले ट्विटर) अकाउंट पर्मानेंटली सस्पेंड हो गया है. एक्ट्रेस ने खुद इस बात की जानकारी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी है. स्वरा भास्कर इस बात से काफी नाराज हैं. स्वरा भास्कर ने बताया है कि कैसे उनकी दो अलग-अलग पोस्ट पर कॉपीराइट का उल्लंघन करने की वॉर्निंग आई थी, जिसके बाद उनके X अकाउंट को हमेशा के लिए बंद कर दिया गया. अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में स्वरा भास्कर ने अपनी 30 जनवरी और 26 जनवरी को शेयर की X पोस्ट को डाला है. साथ ही X से आए कॉपीराइट के उल्लंघन के मैसेज को भी उन्होंने शेयर किया है. अपने कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'आप ये सब यूं ही नहीं कह सकते. डियर X, मेरे दो ट्वीट में से दो तस्वीरों को कॉपीराइट उल्लंघन में मार्क किया गया है. मैं अपने अकाउंट को नहीं खोल सकती और आपकी टीम की तरफ से इसे पर्मानेंटली सस्पेंड कर दिया है.' स्वरा ने आगे लिखा, 'एक तस्वीर में ऑरेंज बैकग्राउंड था और हिंदी की देवनागरी लिपि में लिखा था- गांधी हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल अभी जिंदा हैं. ये भारत में प्रतिशील आंदोलन का लोकप्रिय नारा है. इसमें कोई कॉपीराइट उल्लंघन की बात नहीं है. दूसरी फोटो मेरे खुद के बच्चे की तस्वीर है, जिसमें उसका चेहरा छुपा हुआ है.

## Highlights

1. **Baseless news: Prayagraj DM as he says vehicles not restricted till Feb 4**
2. **Belagavi Airport sees 3.47 lakh passengers, 19.56% rise in Dec**
3. **2-yr-old's death in Kerala: Uncle confesses, police probe further**
4. **Belagavi strengthens city bus fleet with 25 new BS-6 buses**
5. **I pray Maa Lakshmi keeps blessing middle class: PM in pre-Budget speech**

# "Particularly keen on India": Tim Cook notes India's value amidst record earnings

**NEW DEIHI, (Agency).** Tim Cook, Apple's Chief Executive Officer has definitively underlined India's importance again, during an earnings call for Q1 2025, as Apple begins a new financial year on a very strong note. The company has posted quarterly revenue of $124.3 billion, up 4 percent year over year, and this is despite a margin dip in net iPhone sales in the quarter ending December (when compared with the same quarter an year earlier. Mac sales see a strong year-on-year growth, as does the iPad portfolio , while Services which includes Apple Music and iCloud, continues to deliver.




"Today Apple is reporting our best quarter ever, with revenue of $124.3 billion, up 4 percent from a year ago. We were thrilled to bring customers our best-ever lineup of products and services during the holiday season. Through the power of Apple silicon, we're unlocking new possibilities for our users with Apple Intelligence, which makes apps and experiences even better and more personal," said Tim Cook, Apple's CEO.

In this moment, Tim Cook also confirmed that Apple Intelligence will be available in more languages in April, expected to coincide with the release of iOS 18.4 and iPadOS 18.4, expanding to include French, German, Italian, Portuguese, Spanish, Japanese, Korean, and simplified Chinese, as well as localised English to Singapore and India. Earlier this week, the iOS 18.3, iPadOS 18.3 and macOS Sequoia 15.3 updates brought significant improvements to Apple Intelligence, including refining the AI generated notification summaries.

# Ola Electric Gen 3 electric scooter range unveiled: Price, features, range, other details

**NEW DEIHI, (Agency).** Ola Electric Mobility Ltd unveiled its new Gen 3 electric scooter range on Friday, January 31, 2025. The new scooter range comes with Ola's 'MoveOS 5' which is their new EV operating system.




Gen 3 scooters also come with Ola's patented 'Brake by Wire' technology. This uses a sensor on the brake lever to balance between brake pad use and resistance from the motor, resulting in 15 per cent more range and double the brake pad life.

The increased range comes from the electric motor also regenerating electricity from the braking action.

The scooters comes with a mid-drive motor and an integrated Motor Control Unit (MCU), unlike the previous generations which came with hub motors. Aggarwal claims it is five times more efficient and that it is more reliable and lightweight.

The scooters also come with chain drive with pre-lubricated O-rings, rather than the previous generations' belt drive. Ola expects the chains to last twice as much as the belts.

Ola Electric has also opened 4,000 stores and service centres across India by December 2024, Aggarwal announced during the presentation. This is despite the store count being just around 800 in November 2024.

Aggarwal also announced that Ola Electric now has a 25 per cent market share in India.

How did Ola Electric shares perform?

At 10:35 am IST shortly before the reveal, Ola Electric Mobility Ltd shares were trading in the green at ₹75.50 on the Bombay Stock Exchange (BSE). This was an increase of 12.94 per cent or ₹8.65.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# ‘सतर्क रहे - सजग रहे अभियान’

को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित
करने में अपना योगदान दीजिये ।

हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!

हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!

हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान
के साथ सहयोग के लिए भी संकलित है...!

‘मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि’ की भावना वाली हमारी संवाद और
सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक